राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा
(पूर्ववर्ती डा० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज आफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बांदा)
Rajkiya Engineering College Banda
Atarra, Banda – 210201
E-Mail: director@recbanda.ac.in URL: www.recbanda.ac.in
Tel: +91 5191 254301 Mob:+91-8765089509

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांकः आर0इ0सी0 / डी0एस0डब्ल्यू / 2026–029

दिनांकः 12 जून, 2026

## –:सूचना:–

संस्थान में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शासन के पत्र संख्या–I/1360508/2026/ 16-3003(001)/1/2023 दिनांक 11.06.2026 (छायाप्रति संलग्न) के कम में शासन द्वारा प्रदेश में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का शत–प्रतिशत आच्छादन एवं जनसामान्य हेतु सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से ''फैमली आई0डी0–एक परिवार एक पहचान योजना'' संचालित की जा रही है।

अतः समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे आधिकारिक पोर्टल https://familyid.up.gov.in में जाकर शीघ्र ही अपना पंजीकरण करा ले।

संलग्नक– यथोक्त।

अधिष्ठाता छात्र–कल्याण

प्रतिलिपि–
1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ
2. अधिष्ठाता शैक्षणिक।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि सभी विद्यार्थियों को सूचित करने की कृपा करें।
4. कुलसचिव।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
6. समस्त सूचना पट्ट।

अधिष्ठाता छात्र–कल्याण

ई-मेल

संख्या-I/1360508/2026 / 16-3003(001)/1/2023

प्रेषक,

प्रभाकर चन्द्र मिश्र,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
3. कुलसचिव, एम0एम0यू0टी0 गोरखपुर।
4. समस्त निदेशक, राजकीय अभियंत्रण संस्थान/राजकीय इंजीनियरिंग कालेज।
5. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
6. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक-11-06-2026

विषय-फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना से संबंधित आधार हैश एवं RNM Dashboard के विकास की प्रगति के संबंध में दिनांक 24 अप्रैल, 2026 को आयोजित बैठक के सम्बन्ध में।।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जनशक्ति नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-52/33/7-331/6408/ज0नि0प्र0/2024, दिनांक 04.05.2026 (छायाप्रति संलग्न) का कृपय संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना से संबंधित आधार हैश एवं RNM Dashboard के विकास की प्रगति के संबंध में दिनांक 24 अप्रैल, 2026 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है।

2. उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त बैठक के कार्यवृत्त में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
PRABHAKAR CHANDRA MISHRA
Date: 11-06-2026 12:10:48

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि संलग्नक सहित अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक:-यथोक्त।

आज्ञा से,
(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
विशेष सचिव।

**विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना से संबंधित आधार हैश एवं RNM Dashboard के विकास की प्रगति के संबंध में दिनांक 24 अप्रैल, 2026 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थिति संलग्न।

विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान योजना से विभिन्न योजनाओं का डाटा आधार हैश को यूनिक आइडेंटिफायर के रूप में उपयोग कर साझा किये जानें तथा फैमिली आई0डी0 डेटाबेस का उपयोग कर विभागों को प्रदान की जा रही सूचियों, जिनमें संभावित पात्र व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जा सकता है, के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में Review एवं Monitoring Dashboard सृजित किये जाने की भी समीक्षा की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों यथा- कृषि, बेसिक शिक्षा, श्रम, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, अवसंरचना व औद्योगिक विकास (आई0आई0डी0डी0), समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, महिला कल्याण, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा एस0ई0एम0टी0 के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में योजना के उद्देश्यों एवं उसकी पूर्ति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि प्रदेश में संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत आच्छादन एवं जनसामान्य हेतु सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से "फैमिली आई०डी०-एक परिवार एक पहचान योजना" संचालित की जा रही है। विभागों की विभिन्न योजनाओं/सेवाओं के लाभार्थियों का डेटा आधार संख्या, आधार हैश, या फैमिली मेंबर आई0डी0 का यूनिक आइडेंटिफायर के रूप में उपयोग कर ए0पी0आई0 के माध्यम से फैमिली आई0डी0 डाटाबेस के साथ साझा किया जाता है। यू0आई0डी0ए0आई0 द्वारा अधिसूचित Aadhaar (Authentication and Offline Verification) Regulations, 2021 के अनुपालन में विभागों द्वारा लाभार्थियों के आधार ऑथेंटिकेशन के समय उनका आधार विवरण संग्रहित न होने के कारण विभागों द्वारा आधार संख्या को यूनिक आइडेंटिफायर के रूप में उपयोग कर अपनी योजनाओं/सेवाओं का डाटा फैमिली आई0डी0 से साझा करते समय लाभार्थियों का आधार विवरण संबंधित Authentication User Agency (AUA) द्वारा एक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर आधार वॉल्ट से एक्सट्रैक्ट कराना पड़ता है। ऐसी स्थिति में प्रक्रियात्मक विलम्ब एवं सम्बंधित विभाग पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ने के कारण

योजनाओं/सेवाओं के लाभार्थीपरक डाटा का फैमिली आई0डी0 डाटाबेस से इंटीग्रेशन में अनावश्यक विलम्ब होता है।

उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ०प्र० शासन के पत्रांक: 636/42/7-363/107944/ज०नि०प्र०/2024, दिनांक 17 मार्च 2026 द्वारा फैमिली आईडी डेटाबेस से प्रदेश विभिन्न विभागों की लाभार्थीपरक योजनाओं/सेवाओं के इंटीग्रेशन हेतु आधार हैश के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

बैठक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित बिन्दुओं पर सहमति बनी:-

1. बैठक में अवगत कराया गया कि फैमिली आई0डी0 के विभिन्न उपयोग मामलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु निम्नलिखित 05 विभाग यथा- कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा खाद्य एवं रसद द्वारा Review एवं Monitoring (R&M) Dashboard विकसित किया जाना अपेक्षित है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थी अनुश्रवण एवं विभागीय उपयोगिता को सुदृढ़ किया जा सके। योजना में लाभ प्राप्त कर रहे संभावित व्यक्तियों के सत्यापन उपरांत पात्रता के अनुसार लाभों का निर्धारण किये जाने हेतु विभागों द्वारा राज्य एवं जनपद स्तरीय के निर्देश दिये गये, परन्तु अभी तक अपेक्षित प्रगति नहीं हुयी है। निर्धारित वायरफ्रेम के अनुसार डैशबोर्ड विकसित करने की व्यवस्था 10 मई 2026 तक सुनिश्चित की जाए।

**(कार्यवाही: कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा खाद्य एवं रसद विभाग)**

2. श्री नवीन कपूर, वरिष्ठ निदेशक, NIC द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आधार हैश जनरेट एवं संरक्षित करने के लिए UIDAI के दिशानिर्देशों के क्रम में नियमानुसार कार्य करने हेतु जानकारी उपलब्ध कराए जाने के लिए UIDAI लखनऊ से अनुरोध किया गया है तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु सहमति बनी।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

Digitally signed by
AMIT SINGH BANSAL
Date: 30-04-2026
18:23:39

(अमित सिंह बंसल)

विशेष सचिव

जनशक्ति नियोजन प्रभाग,
राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग), उ0प्र0,
चतुर्थ तल, योजना भवन, लखनऊ।

पत्रांक: 52/33/7-331/6408/ज0नि0प्र0/2024 दिनांक: 04- मई, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, कृषि, बेसिक शिक्षा, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अवसंरचना व औद्योगिक विकास, श्रम, समाज कल्याण, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, महिला कल्याण, राजस्व परिषद तथा खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश शासन।
2. सचिव/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड।
3. राज्य सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, उत्तर प्रदेश।
4. हेड, स्टेट ई-गवर्नेंस मिशन टीम, उत्तर प्रदेश।

Digitally signed by
MANOJ KUMAR
Date: 04-05-2026
11:26:14
(डॉ0 मनोज कुमार)
निदेशक